## अध्याय – 2| संघवाद

## QUIZ-01

1. **संघवाद क्या है?**
   A. पूरे देश के लिए एक ही सरकार
   B. सरकार के दो या अधिक स्तरों में शक्ति का विभाजन
   C. केवल न्यायपालिका द्वारा शासन
   D. संविधान रहित शासन (B)

***व्याख्या :*** संघवाद वह प्रणाली है जिसमें शक्ति केंद्र सरकार और राज्यों के बीच बाँटी जाती है।

**2. निम्नलिखित में से कौन 'आने साथ' प्रकार का संघ है?**
   A. भारत
   B. बेल्जियम
   C. स्विट्ज़रलैंड
   D. स्पेन (C)

***व्याख्या :*** स्विट्ज़रलैंड जैसे संघों में स्वतंत्र राज्य स्वेच्छा से मिलते हैं और समान शक्तियाँ रखते हैं।

**3. 'संघ सूची में क्या शामिल है?**
   A. पुलिस और सिंचाई
   B. विवाह और उत्तराधिकार
   C. रक्षा और विदेश नीति
   D. व्यापार और कृषि (C)

***व्याख्या :*** संघ सूची में राष्ट्रीय महत्व के विषय जैसे रक्षा और विदेश नीति शामिल हैं।

**4. समवर्ती सूची में किस प्रकार के विषय आते हैं?**
   A. केवल स्थानीय मुद्दे
   B. केवल राष्ट्रीय सुरक्षा
   C. साझा विषय जैसे शिक्षा और विवाह
   D. शेष (रेसिड्युअरी) विषय (C)

***व्याख्या :*** समवर्ती सूची में वे विषय आते हैं जिन पर केंद्र और राज्य दोनों कानून बना सकते हैं।

**5. विकेन्द्रीकरण का क्या अर्थ है?**
   A. केंद्र सरकार को अधिक शक्ति देना
   B. लोगों से शक्ति छीनना
   C. शक्ति को स्थानीय सरकार को देना
   D. राज्य सरकारों को हटाना (C)

***व्याख्या :*** विकेन्द्रीकरण में शक्ति ग्राम पंचायतों और नगरपालिकाओं जैसी स्थानीय संस्थाओं को दी जाती है।

**6. 1992 के संशोधन से संघीय ढांचे में कौन-सा नया स्तर जोड़ा गया?**
   A. केंद्रीय सरकार
   B. केंद्र शासित प्रदेश
   C. स्थानीय सरकार
   D. आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र (C)

***व्याख्या :*** 1992 में संविधान संशोधन के बाद पंचायत और नगरपालिका को तीसरे स्तर के रुप में शामिल किया गया।

**7. भारत की आधिकारिक भाषा कौन-सी है?**
   A. संस्कृत
   B. अंग्रेज़ी
   C. बांग्ला
   D. हिंदी (D)

***व्याख्या :*** हिंदी भारत की आधिकारिक भाषा है, लेकिन संविधान में 22 अनुसूचित भाषाओं को मान्यता प्राप्त है।

**8. राज्य निर्वाचन आयोग की क्या भूमिका है?**
   A. लोकसभा चुनाव कराना
   B. राष्ट्रपति चुनाव कराना
   C. पंचायत और नगरपालिका चुनाव कराना
   D. न्यायपालिका में नियुक्तियाँ करना (C)

***व्याख्या :*** राज्य निर्वाचन आयोग पंचायत और नगरपालिका चुनावों का आयोजन करता है।

9. **'शेष विषयों' पर कौन कानून बना सकता है?**
   A. राज्य सरकार B. स्थानीय सरकार
   C. केंद्र सरकार D. न्यायपालिका (C)

***व्याख्या :*** संविधान के अनुसार जो विषय किसी भी सूची में नहीं हैं, वे केंद्र सरकार के अधीन आते हैं।

**10. किस राज्य को अनुच्छेद 371 के अंतर्गत विशेष प्रावधान प्राप्त हैं?**
   A. उत्तर प्रदेश
   B. नागालैंड
   C. गुजरात
   D. तमिलनाडु (B)

***व्याख्या :*** नागालैंड जैसे पूर्वोत्तर राज्यों को उनके विशेष सामाजिक और ऐतिहासिक कारणों से अनुच्छेद 371 के अंतर्गत विशेष अधिकार प्राप्त हैं।


मिशन ज्ञान
जब चाहे, जहाँ चाहे, जैसे चाहे!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App